# रंग बरसे भीगे चुनरवारी... जिले भर में उड़े रंग-गुलाल





**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 5 मार्च।** होली का त्योहार जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय से लेकर तहसील, गांव-कस्बों में भी जमकर लोगों ने रंग-गुलाल उड़ाया। पुलिस की सघन निगरानी के बीच तीन-तीन के समूह में रंग-गुलाल से रंगे हुरियारे बाइकों से शहर की सड़कों पर दौड़ लगाते रहे। वहीं गुरुवार को पुलिस लाइन में एसपी समीर सौरभ ने अधीनस्थों के साथ होली खेली और ठुमके भी लगाए।

**भाईदूज पर बंदी भाईयों को तिलक करने जेल पहुंचीं बहनें**

-रामहर्षण सेवा संस्थान के अनुयाईयों ने खेली होली

होली के अवसर पर रामहर्षण सेवा संस्थान अयोध्या के पीठाधीश्वर महंत अयोध्यादास महाराज की उपस्थिति में अनुयाईयों ने गांधी मैरिज होम में फूलों की होली खेली। जिसमें जिलेभर के शिष्य एकत्रित हुए। इस दौरान भगवान श्रीराम और जानकी के स्वरूप में सजे बच्चों ने एक दूसरे पर फूल बरसाकर होली खेली।

**पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों ने जमकर रंग-गुलाल उड़ाया :** होली की ड्यूटी के बाद पुलिसकर्मियों की होली पुलिस लाइन में गुरुवार को रखी गई। जिसमें एसपी समीर सौरभ, एडिशनल एसपी सुरेंद्र पाल सिंह डाबर, सीएसपी दीपाली चंदोरिया सहित चारों थानों से आए टीआई और पुलिस जवानों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और डीजे पर जमकर डांस किया।

**भाईदूज: जेल में बंदी भाईयों को तिलक कर भावुक हुई बहनें द्द** जिला जेल में भाईदूज के मौके पर बंदियों की उनकी बहनों से मुलाकात कराई गई। इस दौरान सजा काट रहे बंदियों को तिलक कर बहनें भावुक नजर आईं, जिन्हें खुद कैदी ढांढस बंधाते हुए दिख रहे थे। सुबह 10 बजे से शुरू हुआ मुलाकात का सिलसिला दोपहर 3 बजे तक जारी रही।

### कैलारस के डोंगरपुर में दामादों को दूल्हा-दुल्हन बनाकर निकाली बारात



कैलारस की ग्राम पंचायत डोंगरपुर मानगढ़ के ग्राम डोंगरपुर में हर साल की तरह इस बार भी सैकड़ों सालों चली आ रही परंपरा के तहत होली के दिन दामादों को दूल्हा-दुल्हन के स्वरूप में सजाकर बारात निकाली गई, जिनका पूरे गांव के लोगों ने मंगल टीका भी किया। सरपंच दर्शनलाल धाकड़ ने बताया कि दूल्हा-दुल्हन बने दामादों को मंगल तिलक में जो पैसा आया, उससे मंदिर पर प्रसादी बांटी गई।



### कैलारस के शेखपुर में 16 श्रृंगार कर दुल्हनों ने निकाली प्रभात फेरी

कैलारस तहसील के ही शेखपुर गांव में होली पर सैकड़ों वर्ष पुरानी अनोखी परंपरा के तहत महिलाओं ने 16 श्रृंगार गांव की परिक्रमा की। गांव के बुजुर्ग पुरुष एवं महिला इसे स्थानीय संत महाराज विजयानंद जी की धार्मिक मान्यता व प्रथा को पूर्ण करना बताते हैं।

## डिवाइडर से टकराकर ट्रक पलटा, 3 जख्मी

**मुरैना, 5 मार्च।** बानमोर क्षेत्र में एनएच-44 पर बुधवार की सुबह 8. 15 बजे मुर्गी फार्म आगरा से ग्वालियर मुर्गी भरकर मंडी जा रहे ट्रक के चालक की नींद लग जाने से ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलट गया। जिसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिनको पुलिस की 112 वाहन के पायलट अजय शर्मा तथा आरक्षक ब्रजकिशोर आर्य द्वारा 108 एंबुलेंस बाहन की मदद से तत्काल मौके पर पहुंचकर ग्वालियर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

**गेंहू-चना, सरसों उपार्जन को 5245 किसानों ने कराया पंजीयन : मुरैना।** समर्थन मूल्य पर गेहूँए चनाए मसूर और सरसों उपार्जन के लिए कृषक अपना पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने बताया कि पंजीयन प्रक्रिया को सहज एवं सुगम बनाने के लिए जिले में 63 पंजीयन केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां नि:शुल्क पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त एमपी ऑनलाइन, लोक सेवा केंद्र एवं कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा कर भी पंजीयन कराया जा सकता है। कलेक्टर द्वारा खाद्य सहकारिता एवं कृषि विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के मैदानी अधिकारियों को किसानों को पंजीयन हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए गए हैं।






# समाज की सशक्त विरासत होते हैं हमारे पूर्वज : तोमर

**सरसैनी किले पर दलकू बाबा की प्रतिमा का हुआ अनावरण, हजारों की संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग हुए शामिल**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 5 मार्च।** पूर्वज किसी एक परिवार के नहीं बल्कि सर्व समाज के लिए पूज्यनीय होते हैं। यह हमारे समाज की सशक्त विरासत का परिचायक भी होते हैं। उनके आदर्श व सिद्धांतों को युवा आत्मसात करें तभी सशक्त और संपन्न समाज का निर्माण हो सकेगा।

यह बात विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सरसैनी किले पर सिकरवारों के आराध्य राजा राव दलकू महाराज की 20 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा के अनावरण समारोह में बतौर अतिथि कही। इस मौके पर अजय सिंह राहुल भैय्या ने कहा कि महापुरुष समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। आज इस भव्य प्रतिमा का अनावरण समाज के लिए गौरव की बात है। इस मौके पर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, ग्वालियर महापौर शोभा सिकरवार, विधायक सतीश सिकरवार, पूर्व विधायक सूबेदार सिंह रजौधा, सत्यपाल सिंह सिकरवार सहित अनेक व्हीआईपी मौजूद रहे।



**यूजीसी पर नेताओं की चुप्पी सामान्य वर्ग के लिए घातक: पूर्व फौजी :** सरसैनी स्थित किले पर दलकू बाबा की प्रतिमा अनावरण समारोह में आए फ्तेहपुर सीकरी से चुनाव लड़ने वाले रामनाथ सिंह सिकरवार पूर्व फौजी ने मंच से यूजीसी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यूजीसी को लेकर सत्ता पक्ष हो अथवा विपक्ष, हमारा नेतृत्व करने वाले सामान्य वर्ग के नेता चुप्पी साधे हुए बैठे हैं। अगर दलकू बाबा ने हमेशा गलत का प्रतिकार किया, आज हमारे नेता दलकू बाबा के जीवन से सबक लें। इस दौरान मंच पर मौजूद कुछ समाजबंधुओं ने पूर्व फौजी की बात काटने की कोशिश की लेकिन वह अपनी बात को और जोर से रखते रहे।

### वरिष्ठ समाज बंधुओं एवं संतजनों का मंच से हुआ सम्मान

मंच पर समाज के वरिष्ठ जन और संतों का आगमन हुआ, तो पूरा किला परिसर जय राजपूताना और दलकू बाबा की जय के उद्घोष से गूंज उठा। आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता इसकी व्यापकता रही। इसमें केवल स्थानीय लोग ही नहीं, बल्कि सिकरवारी, तंवरघार, जादौंमाटी से आए हजारों की संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे। दलकू बाबा की प्रतिमा को फूलों से सजाया गया था। अनावरण के समय हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा हुई और ढोल-नगाड़ों की थाप ने माहौल को उत्सव में बदल दिया।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मारी, महिला की मौत

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 5 मार्च।** अंबाह क्षेत्र में बुधवार शाम एक सड़क हादसे में महिला की दर्दनाक मौत हो गई। अंबाह मेला देखकर अपने गांव लौट रहे दंपति को तेज रफ्तार अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार मृतक महिला की पहचान पूनम सखवार निवासी ग्राम ऐनो पंचमपुरा थाना एंडोरी, जिला भिंड के रूप में हुई है। वह अपने पति गिर्राज सखवार के साथ ससुराल ग्राम हमीरपुरा से अंबाह मेला देखने आई थीं। बुधवार शाम करीब 7.30 बजे मेला देखने के बाद दोनों पति-पत्नी बाइक से हमीरपुरा लौट रहे थे। रास्ते में पिनाहट रोड पर हिंगावली के आगे पेट्रोल पंप के पास गिर्राज ने बाइक रोक दी। इस दौरान पूनम सडक् किनारे खड़ी थीं, तभी पीछे से आ रही सफेद रंग की तेज रफ्तार अज्ञात कार ने लापरवाही से उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पूनम सड़क पर गिरकर बेहोश हो गईं। पति गिर्राज सखवार उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल अंबाह लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया गया। एसडीओपी रवि भदौरिया ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# होली पर रंग डालने से रोकने पर युवक को गोली मारी, रैफर

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 5 मार्च।** कस्बा जौरा में 4 मार्च को होली खेल रहे दो युवकों ने जब बाल्मीक समुदाय के एक युवक पर रंग डालने की कोशिश की तो युवक ने उन्हें रोका, इसी बात से खफा हुए दोनों युवकों ने बाल्मीक समुदाय के युवक पर पिस्टल से फायर ठोक दिया। गोली उसके पैर में लगी, जिससे जख्मी हो गया। गंभीर हालत में युवक को जेएएच ग्वालियर रैफर किया गया है।

**4 मार्च को जौरा कस्बे में हुई घटना, हत्या के प्रयास का केस दर्ज**



जानकारी के अनुसार पुराना जौरा में डाकखाना रोड पर रहने वाला अमन बाल्मीक 35 पुत्र प्रकाश बाल्मीक 4 मार्च की दोपहर करीब 12 बजे अपने भाई संजय बाल्मीक के साथ डाकखाना रोड पर खड़ा हुआ था। तभी हरवीर सिकरवार व एक अज्ञात युवक वहां पहुंचें और संजय के ऊपर रंग डालने की कोशिश की, तब संजय ने उन्हें रंग डालने से मना किया, इसी बात से हरवीर और उसका साथी आक्रोशित हो गए और जातिसूचक गालियां देते हुए हरवीर ने पिस्टल से संजय के ऊपर फायर ठोक दिया। गोली संजय की बांयी जांघ में लगी, जिससे वो लहूलुहान हो गया। संजय को गंभीर हालत में जेएएच ग्वालियर रैफर किया गया है। जौरा पुलिस ने हरवीर सिकरवार सहित एक अन्य के विरुद्ध हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### दूध में मिलाने वाली दवा पीने से युवक की सेहत बिगड़ी, रैफर

**मुरैना, 5 मार्च।** अंबाह क्षेत्र में गलती से दूध में मिलाने वाली दवाई का सेवन करने से युवती की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए सिविल अस्पताल अंबाह लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल मुरैना रैफर कर दिया। जानकारी के अनुसार शिवानी 18 पुत्री करू सेंगर निवासी होला का पूरा ने घर पर रखी दूध में मिलाने वाली दवाई को गलती से पी लिया। दवाई पीने के कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिससे परिजनों में अफरा-तफ्री मच गई। परिजन तुरंत युवती को उपचार के लिए सिविल अस्पताल अंबाह लेकर पहुंचे। यहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कियाए लेकिन स्थिति को देखते हुए उसे आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल मुरैना रेफ्र कर दिया गया।

## बाइक की टक्कर से रोड क्रॉस कर रहे युवक की मौके पर मौत



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 5 मार्च।** सिविल लाईन थाना क्षेत्र में एनएच-44 पर रोड क्रॉस कर रहे एक युवक को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा 5 मार्च की दोपहर एनएच-44 पर सैय्यद नहर के पास होना बताया गया है।

**एनएच-44 हाईवे पर सैय्यद नहर के पास हुआ हादसा**

जानकारी के अनुसार माताबसैया थाना क्षेत्र के ग्राम खेरिया निवासी अशोक शर्मा 40 पुत्र राधेश्याम शर्मा 5 मार्च की दोपहर एनएच-44 हाईवे पर सैय्यद नहर से आगे डोमपुरा मोड़ के पास स्थित नाश्ता करने के बाद हाईवे क्रॉस कर रहे थे। इसी दौरान भाईदूज पर अपनी बहन से तिलक कराने ग्वालियर की ओर से बाइक पर सवार होकर अंबाह जा रहे राकेश गोस्वामी 40 पुत्र जगदीश गोस्वामी नि. हनुमानगंज डबरा ने अशोक को टक्कर मार दी। हादसे में अशोक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि राकेश बुरी तरह जख्मी हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

## 315 बोर अवैध बंदूक के साथ बदमाश गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 5 मार्च।** सिविल लाईन थाना पुलिस ने 315 बोर की सिंगल शॉट अवैध बंदूक के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार 4 मार्च को सिविल लाईन थाना प्रभारी निरीक्षक उदयभान सिंह यादव को सूचना मिली कि एक बदमाश जौराखुर्द क्षेत्र में बंदूक लेकर वारदात के इरादे से घूम रहा है। पुलिस ने दविश देकर जौराखुर्द मे होमगार्ड कार्यालय परिसर में मंदिर के पास खड़े सुभाष यादव पुत्र बारेलाल यादव निवासी जौराखुर्द को पकड़ा। उसके पास से 315 बोर की बंदूक और एक जिंदा राउण्ड जब्त किए गए। कार्रवाई में निरीक्षक श्री यादव के साथ एसआई अजय वैशांदर, गुलाब सिंह, प्र.आर. उदयवीर सिंह, सुनील बंसल, दीपक, आरक्षक संजय गुर्जर, सुनील परमार, जितेन्द्र तोमर, विनोद कौशिक, धर्मेन्द्र, ध्रुव परमार, एनआरएस अभिषेक चांदिल शामिल थे।

**सिविल लाईन थाना पुलिस को मिली सफलता**

## एक नजर में

### संवेदनशील मुद्दों पर विप्रजनों का एकजुट रहना जरूरी : शुक्ला

**मुरैना/जौरा, 5 मार्च।** कस्बा जौरा में सनाढ्य ब्राह्मण सभा के होली मिलन समारोह का आयोजन 5 मार्च को सनाढ्य धर्मशाला में हुआ। समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश शुक्ला ने समस्त समाजबंधुओं से संवेदनशील मुद्दों पर विप्रजनों से एकजुट रहने का आग्रह किया। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष कमलेश दुबे ने कहा कि संवेदनशील मुद्दों का सामना संघर्ष करके ही किया जा सकता है। समारोह में भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त हुए राहुल शर्मा का सम्मान किया गया। समारोह का संचालन प्रमोद शर्मा ने किया। इस मौके पर रामकुमार शर्मा, संतोष शर्मा, रवि शर्मा, संजय शर्मा, पवन कटारे, ललित पाराशर, ऋषि पाराशर, सुरेश शर्मा, मुन्नालाल दुबे, रामनरेश दुबे, माताराम शर्मा, महेश शर्मा, माताप्रसाद उपाध्याय, गिर्राज उपाध्याय, प्रमोद शर्मा आदि उपस्थित थे। समारोह में उपस्थित समाजबंधुओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली के त्यौहार की शुभकामनाएं दीं।



### विजय बाथम श्रीमूर्ति महामाया न्यास मंडल के अध्यक्ष बने

**मुरैना।** श्रीमूर्ति महामाया मंदिर न्यास के न्यासी चतुरीलाल बाथम ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया है कि न्यास मण्डल के अध्यक्ष पद पर विजय कुमार बाथम को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया है। यह निर्णय विगत 2 मार्च को संपन्न हुई न्यास मंडल की बैठक में न्यास मंडल के पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं ने सर्वसम्मति से लिया। चतुरीलाल बाथम ने बताया कि इस बैठक में मौजूद पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं ने कहा कि कथित अध्यक्ष श्रीकृष्ण बाथम सूचना उपरांत भी न्यास मंडल की बैठकों में उपस्थित नहीं रहते। यही नहीं मंदिर प्रबंध समिति की विवादित निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में भी उनके द्वारा कार्यवाही के लिए उचित प्रयास नहीं किए गए है। इसलिए उनके स्थान पर विजय कुमार बाथम को न्यास मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में पदाधिकारियों ने निर्वाचन के लिए बनाई जा रही सदस्यता सूची को फर्जी बताते हुए संयोजक दिनेश कुमार द्वारा गलत तरीके से प्रकाशित करने की बात कहते हुए उसे निरस्त घोषित किया गया है।





### भदावली में सरपंच के घर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**मुरैना।** नगरा क्षेत्र के भदावली गांव में महिला सरपंच रेखा तोमर के घर के बाहर फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरा आरोपी फरार बना हुआ है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 315 बोर की लाइसेंसी बंदूक भी बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार होली के त्योहार पर 4 मार्च को दोपहर 12 बजे सरपंच पति भूपेन्द्र सिंह तोमर निवासी ग्राम भदावली अपने घर के बाहर गांव के लोगों के साथ बैठा हुआ था उसी समय मान सिंह उर्फ बबलू पुत्र पान सिंह तोमर, बन्टू पुत्र सेवाराम तोमर निवासी भदावली कार से वहां पहुंचें और सरपंच भूपेन्द्र सिंह से गालियां देने लगे, जब गालियां देने से मना किया तो उनके द्वारा बंदूक से हवाई फायर कर दहशत फैलाई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस मुखबिर की सूचना पर आरोपी आरोपी बंटू पुत्र नारायण तोमर निवासी ग्राम भदावली को ग्राम तुस्सन पुरा नहर की पुलिया से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक 315 बोर की बंदूक, एक जिन्दा राउन्ड व एक खाली खोके को जब्त किया गया।



### वनिता जागृति मंच का होली मिलन समारोह आयोजित

**मुरैना।** साहित्यिक संस्था वनिता जागृति मंच मन से मन तक के तत्वावधान में होली मिलन एवं महिला दिवस समारोह का आयोजन विगत दिवस किया गया। समूह की महिमा जैन सुधी ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में समूह की सभी सदस्यों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित कीं। कार्यक्रम में होली पर आधारित गीत, कविताओं की प्रस्तुतियां दीं और सदस्यों ने जमकर डांस किया। रंग-गुलाल लगाकर सभी ने एक-दूसरे को रंगों के पर्व की शुभकामनाएं दीं। जिसके बाद फूलों से भी होली खेली गई। महिला दिवस को लेकर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में भारती जैन दिव्यांशी, भारती गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, अनुराधा जैन, प्रीति गुप्ता, महिमा जैन, रमा गोलश, निधि गुप्ता, मीरा गुप्ता, प्रेरणा गुप्ता, रीना जैन, प्रीति जैन, आराधना जैन, मंजू गुप्ता, शिल्पी जैन, सारिका गुप्ता आदि उपस्थित रहीं।



### रंग-गुलाल लगाकर विद्युत पेंशनर्स ने मनाया होली का पर्व

**मुरैना।** विद्युत पेंशनर्स एसोसिशन की मासिक बैठक एवं होली मिलन समारोह का आयोजन 5 मार्च को हुआ। समारोह में उपस्थित पेंशनर्स ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया और होली के त्यौहार की शुभकामनाएं दीं। समारोह की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष पीपी मिश्रा ने की। संचालन जयनारायण शर्मा ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन वीरेन्द्र सिकरवार द्वारा किया गया। मासिक बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष पीएस तोमर ने आगामी माह में जबलपुर में होने वाली कार्यकारिणी की बैठक से सभी को अवगत कराया। उन्होंने मांगों को लेकर जिलास्तरीय प्रदर्शन के बाद अब बिजली कंपनी के दफ्तरों पर धरना प्रदर्शन करने की बात कही। बैठक को पीपी मिश्रा, केएल चौहान आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सुल्तान सिंह सिकरवार, विमलचंद्र जैन, मायाराम शर्मा, मुरारीलाल प्रजापति, जगदीश राजपूत, रामबाबू श्रीवास, सियाराम, रामसेवक बघेल, ध्रुवसिंह चौहान, सुरेश सविता, एसके गर्ग, सीएल नागर, अब्दुल रहमान, राजेन्द्र राजपूत, रामअवतार कुशवाह आदि उपस्थित थे।